दिन–बुधवार दिनांक– 24 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार का आज अंतिम दिन है। शाम छह बजे प्रचार का शोर थम जाएगा। इस चरण के तहत छब्बीस अप्रैल को राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में मतदान होगा। इन सीटों पर कुल पचास उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। किशनगंज और भागलपुर से बारह–बारह उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, बांका से दस, कटिहार से नौ और पूर्णियां से सात उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला होना है।

————————————————————————

प्रचार के अंतिम दिन विभिन्न दलों और गठबंधनों के नेताओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने आज भागलपुर के सैंडिश कंपाउंड में एनडीए प्रत्याशी अजय कुमार मंडल के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन भ्रष्ट नेताओं का गठबंधन है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता को परिवारवादी और भ्रष्टचारी दलों के गठबंधन से सावधान रहना चाहिए। श्री नड्डा खगड़िया और झंझारपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज तिवारी ने अररिया में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव भी पूर्णियां, कटिहार, भागलपुर और बांका के बौंसी में महागठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। वहीं, वामपंथी दल सीपीआई, सीपीएम और माले के वरिष्ठ नेता भी अपने–अपने उम्मीदवारों की विजय सुनिश्चित करने के लिए प्रचार में जुटे हैं।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नामांकन पत्र भरने की समय सीमा कल समाप्त हो जायेगी। इन सीटों पर नामांकन भरने के काम में तेजी आ गयी है। आज उजियारपुर संसदीय क्षेत्र से अमरेश राय ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अमरेश राय राजद से टिकट नहीं मिलने से बागी हो गये हैं। छब्बीस अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। वहीं, उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। चौथे चरण का मतदान तेरह मई को होगा।

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज तिवारी ने कहा है कि काराकाट सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके अभिनेता पवन सिंह को वे मनायेंगे। श्री तिवारी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पवन सिंह से वह बात करेंगे और उन्हें उम्मीद है कि वे चुनाव लड़ने के फैसले पर पुनर्विचार करेंगे। गौरतलब है कि एनडीए में समझौते के तहत काराकाट सीट राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा को दी गयी है। काराकाट में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होगा, जिसके लिए नामांकन का काम सात मई से शुरू हो जायेगा।

—————————————————————————

जदयू ने राष्ट्रीय जनता दल पर शराब कम्पनियों से चुनावी चंदा लेने का आरोप लगाया है। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि इलेक्ट्रल बांड के विवरण से यह साफ हो गया है कि राजद ने राज्य में शराबबंदी लागू होने के बावजूद शराब कम्पनियों से चंदा लिया। उन्होंने कहा कि राजद को यह बताना चाहिए कि शराब कम्पनियों ने पार्टी को यह चंदा क्यों दिया है।

—————————————————————————

पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज देश–प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पंचायती राज दिवस मनाने का उद्देश्य स्थानीय संस्थाओं को मजबूत बनाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर देशवासियों को पंचायती राज दिवस की बधाई दी है। श्री मोदी ने कहा है कि सरकार पंचायती राज संस्थानों को मजबूत बनाने और लोगों के सपनों को पूरा करने का कार्य जारी रखेगी।

—————————————————————————

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की आज पुण्यतिथि है। इस अवसर पर राष्ट्रकवि की जन्मभूमि बेगूसराय के सिमरिया में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इधर, पटना में भी कई स्थानों पर साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने राष्ट्रकवि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

—————————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश भाग भीषण गर्मी की चपेट में है। शेखपुरा, जमुई, भोजपुर, खगड़िया, बांका, नवादा, सारण, सीवान समेत राज्य के अधिकतर जिलों में अधिकतम तापमान बयालीस डिग्री के आस–पास दर्ज किया गया। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, बाराचट्टी, डेहरी, औरंगाबाद, गया, दाउदनगर समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में हल्की वर्षा दर्ज की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों तक राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व

भागों में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। उष्ण दिवस की आशंका को लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।